शिमला नगर निगम के वर्ष 2014-15 के संशोधित एवं वर्ष 2015-16 के बजट अनुमानों पर माननीय महापौर, नगर निगम शिमला द्वारा भाषण।

सम्माननीय्

मैं आप सभी का वर्ष 2015-2016 के बजट बारे हो रही इस 'विशेष बैठक' में स्वागत करता हूँ।

सर्वप्रथम मैं माननीय पार्षदगणों का धन्यवाद करना चाहूँगा कि जिन्होंने नगर निगम के विभिन्न वार्डो में विकास कार्य करवाने हेतु व्यक्तिगत अहम भूमिका निभाई है तथा जनता की शिकायतों, समस्याओं को सुना व उन्हें सुलझाने में सहयोग प्रदान किया।

नगर निगम शिमला का वित्त वर्ष 2015-16 का बजट ऐसे समय में प्रस्तुत किया जा रहा है जब पूरा विश्व आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश व प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी इस संकट से अछूती नहीं है क्याकि यहाँ भी विकास की दिशा उन्ही नव-उदारवाद की नीतियों पर आधारित है। इसके चलते समाज में आर्थिक असमानता पैदा हो रही है जिससे विशेषतः आम जन प्रभावित हो रहा है।

मैं यह भी उल्लेख करना चाहुँगा कि नगर निगम के विकासात्मक कार्यो व अन्य दायित्व का भार लोगों की आकॉक्षाओं के अनुरूप दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है परन्तु उस अनपात में नगर निगम के आय के स्त्रोत नही बढ़ पा रहे है और न ही वर्तमान परिस्थितियों में शहर की जनता पर अनावश्यक करों का बोझ डाला जा सकता है। शहर की बढ़ती हुई जनसंख्या, बढ़ते हुये शहरीकरण तथा बढ़ती हुई मूलभूत सुविधाओं की माग को देखते हुये यह भी आवश्यक है कि निगम के चुने हुए जन-प्रतिनिधि होने के नाते हम सभी सदस्यगणों का उत्तरदायित्व है कि हम जनपक्ष में नगर निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने के उदेश्य से विचार-विमर्श करें और आय के स्त्रोत बढ़ाने पर कुछ ठोस निर्णायक फैसले लें ताकि नगर निगम की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जा सके तथा शहर की जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान कर सके।

शहर के विकास कार्यो के लिए हमें शहर की जनता के सहयोग व सुझाव की आवश्यकता रहती है। इसलिए आर्थिक संकट से जूझते नगर निगम ने प्रथम बार, बजट बनाते समय शिमला शहरवासिया की भागीदारी सुनिश्चित करने के उदेश्य से शिमला की समस्त आवासीय कल्याण सोसायटी, ग्राम कल्याण सुधार सभाएं, स्वय सेवी सस्थाएं, जिला स्तरीय शिमला शहरी सभी राजनितिक दलों व

व्यापार मण्डलों इत्यादि से निगम की आय की स्थिति में सुधार लाने बारे सुझाव/परामर्श लिये और उन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया गया।

हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम,1994 की धारा 40 के अर्न्तगत गठित स्थायी समितियों की वर्ष 2014-15 में अभी तक 10 साधारण बैठकें, 7 साधारण कृत्यकारक समिति की बैठकें, 11 वित्त, संविदा और योजना समिति की बैठकें, 6 सामाजिक एवं न्याय समिति की बैठकें तथा 2 विशेष बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों में शिमला शहर के विकास करने तथा शहरवासियो को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करवाने के सम्बन्ध में अनेक प्रस्ताव/सुझाव पर विचार-विमर्श कर जनहित में निर्णय लिये गये।

1. वित्तीय स्थिति :

जैसा कि विदित है कि यह हमारी छठवीं निर्वाचित नगर निगम का तृतीय वार्षिक बजट प्रस्तुतीकरण है। नगर निगम की आय के स्त्रोत सीमित होने के कारण व सरकार से अपेक्षित सहायता प्राप्त न होने के कारण नगर निगम शहरवासियों को उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने व विकास करने में कठिनाई आ रही है। निगम की कम आय होने की स्थिति में आय व व्यय में भी असन्तुलन रहा है। इस चालू वित्तीय वर्ष में 31 दिसम्बर, 2014 तक निगम के आय स्त्रोंतों से 2769.00 लाख रूपये और राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप 1787.54 लाख रूपये Development Grant सहित कुल राशि 4556.54 लाख रूपये की राजस्व आय और विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत अनुदान से राशि 1437.74 लाख रूपये की पूजीगत आय अर्थात कुल आय राशि 5994.28 लाख रूपये की प्राप्ति हुई है। जबकि चालू वित्त वर्ष में 31 दिसम्बर, 2014 तक निगम का कुल व्यय राशि 5993.90 लाख रूपये हुआ है। निगम की आय व व्यय में बढ़ते अन्तर के बावजूद शहर का विकास करवाया जा रहा है।

शिमला एक ऐतिहासिक शहर है, प्रदेश की राजधानी है और पर्यटन की दृष्टि से यह शहर देश व विदेश में प्रख्यात है इसलिए इस शहर की गरिमा और गौरव बनाये रखना, स्वच्छ-सुन्दर, प्रदुषण मुक्त तथा विकासशील बनाये रखना हम सबका संयुक्त कर्तव्य बनता है।

नगर निगम के दायित्वो के निर्वहन हेतु सहायता व वित्तीय स्थिति में सुधार हेतु पूर्व में जो प्रस्तावनाएं की गई थी उसमें मुख्यतः सरकार से अतिरिक्त अनुदान सहायता का अनुरोध किया गया था। जिसमे मुख्यतः 100 करोड़ रूपये

प्रतिवर्ष राजधानी विकास अनुदान(Capital Development Grant), चुंगी समाप्ति के बदले प्रतिभूति/डवैल्पमैण्ट ग्रॉंट को नगर निगम के कुल व्यय का 50 प्रतिशत करना, निगम सीमा में मिलाए गए नए क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष अनुदान राशि 600.00 लाख रूपये प्रतिवर्ष, पानी की बल्क खरीद के बिलो की बकाया देय राशि के भुगतान हेतु विशेष अनुदान राशि, शहरी वनो तथा शहर के विभिन्न मार्गो के रख-रखाव, वेतन आयोग की सिफारिशा के अनुरूप निगम कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि हेतु विशेष अनुदान राशि प्रदान करने हेतु आग्रह किया गया है। परन्तु इस बारे सरकार से कोई उचित सहयोग प्राप्त नही हुआ जिसके अभाव में शिमला शहर के विकास को सही दिशा व दशा प्रदान करने में कठिनाई आ रही है। शिमला शहर को एक बेहतर जीवन प्रदान करने वाले शहर के तौर पर विकसित करने हेतु नगर निगम सरकार से पुनः अनुरोध व आशा करता है कि सरकार इन अनुदानो को उपलब्ध करवाएगी।

74वें संवैधानिक संशोधन को लागू करने हेतु हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 में वार्ड सभाओं के माध्यम से वार्ड कमेटियो के गठन का प्रावधान किया गया है। इससे शहर के विकास में जनता की सहभागिता सुनिश्चित होनी है। गत वित्त वर्ष के बजट में भी इस पर बल दिया गया था। परन्तु इसका कोई अधिक सकारात्मक परिणाम नहीं रहा। संवैधानिक उत्तरदायित्व के निर्वहन तथा विकास म जनता के सहयोग सुनिश्चित करने हेतु समस्त वार्डो में वार्ड कमेटियो का गठन शीघ्र किया जाएगा तथा वार्ड सभाओं के माध्यम से ही वार्ड के विकास की योजना बनाई जाएगी तथा इसके लिए प्रतिवार्ड 30 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। वार्ड कमेटियो के लिए धन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक वार्ड से एकत्र होने वाले कुल राजस्व का न्यूनतम 10 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है।

चालू वित्त वर्ष में प्रत्येक पार्षद की अनुसंशा पर 10 लाख की धन राशि वार्डो में विकास कार्यो के लिए प्रदान की गई है। जिसे आगामी वित्त वर्ष में बढ़ाकर 15 लाख कर दिया जाएगा।

नगर निगम का मुख्य आय का स्त्रोत सम्पत्ति कर है। माननीय सदन ने सर्व सम्मति से युनिट एरिया मैथड़ की कर प्रणाली में बदलाव व युक्तिकरण का प्रस्ताव पारित कर सरकार से हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 में संशोधन करने हेतु भेजा था परन्तु सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया तथा शहर में सम्पत्ति कर युनिट एरिया प्रणाली द्वारा एकत्र करने के लिए निर्देश जारी किए है। वर्ष 2014-15 व वर्ष 2015-16 के लिए सम्पत्ति कर युनिट एरिया मैथड़ से एकत्रित करने की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। सम्पति कर से इस वित्त वर्ष में 1809.71 लाख रूपये की आय अनुमानित है।

74वें संवैधानिक संशोधन के 12वें शैडयूल क अन्तगत शहरी निकायों को प्रशासनिक व आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने हेतु कुछ प्रावधान किए गए है। इसमें शहरी वानिकी प्रबंधन भी शहरी निकायो का उत्तरदायित्व है। परन्तु प्रदेश सरकार द्वारा शिमला शहर व इसके साथ लगते वन क्षेत्राधिकार नगर निगम से अपने अधीन हस्तांतरित कर दिए है। अतः सरकार से पुनः आग्रह है कि पूर्व में अधिकृत शहरी वन क्षेत्र को नगर निगम शिमला को लोटाया जाए तथा इससे एकत्रित की गई आय नगर निगम शिमला को उपलब्ध करवाया जाए।

नगर निगम शिमला द्वारा ग्रीन फीस लगाने के दृष्टिगत राष्ट्रीय उच्च मार्ग विभाग को पुनः संशोधित प्लान भेजा जा रहा है, जिसका अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होते ही राष्ट्रीय उच्च मार्ग के प्रवेश द्वारों का योजना अनुसार निर्माण किया जायेगा तथा आगामी वर्ष में ग्रीन फीस के लागू होने से नगर निगम को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी।

2. कर्मचारी हितों के कार्य :

- नगर निगम शिमला द्वारा अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नगर निगम कर्मचारी कल्याण निधि के सृजन किये जाने पर विचार किया जा रहा है। इस प्रयोजन हेतु उपयुक्त नियमों/उप विधियों को बनाया जाना प्रस्तावित है तथा कर्मचारियों के अशंदान व निजि उपक्रमों से स्वैच्छिक अंशदान प्राप्त करके निधि का संचालन किया जाएगा। इस निधि से निगम कर्मचारी को आवश्यक कार्यो हेतु ऋण दिए जाने व कर्मचारियों के प्रतिभाशाली बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर वजीफा दिए जाने की सुविधा का प्रावधान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसी कर्मचारी के देहान्त पर उनके परिवार को तत्काल सुविधा प्रदान करने हेतु सहायता राशि फण्ड से दी जाएगी ताकि दुख की घड़ी में परिवार को फौरी सहायता मिल सके।

- वर्तमान में नगर निगम कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है और स्टाफ की कमी होने के बावजूद भी निगम प्रशासन का यथासम्भव प्रयास रहता है कि लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाये। इस चालू वर्ष में अहर्ता अवधि पूर्ण करने वाले 11 दैनिक वेतन भोगी व 3 अनुबन्ध कर्मचारी को नियमित किया गया। इसके अतिरिक्त निगम कर्मचारी के निधन उपरान्त उनके आश्रितो को अनुकम्पा के आधार पर पदों को भरने की स्वीकृति सरकार द्वारा प्राप्त हुई है, जिसके तहत 7 आश्रितो को नियुक्ति दी गई है।

जिनमें से 5 आश्रितों ने निगम में कार्यग्रहण कर लिया है तथा दो आश्रितों ने लिपिक वर्ग के पद पर व परिवार के अन्य सदस्य को नियुक्ति देने हेतु आग्रह किया है तथा इनका मामला पुनः सरकार से स्वीकृति हेतु उठाया गया है। इसके अतिरिक्त नगर निगम शिमला द्वारा इस चालू वर्ष में निगम के सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को चिक्तिसा प्रतिपूर्ति की सुविधा देनी आरम्भ कर दी गई है।

- सब्जी मण्डी (सूजी लाईन) में विद्यमान निगम आवासों के साथ खाली पड़ी भूमि पर टाईप- II के तीन ब्लाक में 24 आवास बनाना प्रस्तावित है। जिसके लिए राशि 2 करोड़ 26 लाख 63 हजार का प्राकलन बनाया गया है।

- वर्तमान में नगर निगम शिमला में विभिन्न श्रेणियों के बहुत से पद रिक्त पड़े है तथा स्टाफ की कमी होने के बावजूद भी निगम प्रशासन का यथासम्भव प्रयास रहता है कि लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाता रहे। इन रिक्त पड़े पदों को भरन के लिए सरकार से स्वीकृति हेतु आग्रह किया गया है। स्वीकृति प्राप्त होते ही इन रिक्त पदों को शीघ्र भर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिन श्रेणियों के पदों को निगम स्तर पर ही भरा जाना है उन्हें भरने की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है।

माननीय सदस्यगण इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम द्वारा किए गए कार्यो एवं लक्ष्यों का सक्षिप्त में विवरण इस प्रकार से है :-

3. मार्ग एवं भवन विभाग :

- इस चालू वर्ष में शहर के विभिन्न वार्डो में सड़क पर तारकोल बिछाने के कार्य हेतु 1.35 करोड़ रू. व्यय किए गए ह तथा कुछ सड़को का कार्य करना शेष है जिसके लिए नगर निगम द्वारा निविदाएं आमंत्रित कर दी गई है।

- इस चालू वर्ष में स्ट्रोट लाईटों के बिलों पर राशि 1 करोड़ 27 लाख, 91 हजार, 319 रूपये, मुरम्मत एवं रख-रखाव के लिए राशि 14,38,777/- रूपये तथा नये स्ट्रीट लगाने हेतु राशि 8,81,865/- खर्च किए गए है।

- आगामी वित्त वर्ष में लगभग रू. 1588.82 लाख की लागत से सड़कों, सम्पर्क मार्गो, रास्तों का निर्माण एवं रख-रखाव, स्ट्रीट लाईट मुरम्मत, नई स्ट्रीट लाईट प्वाईटस इत्यादि प्रस्तावित है।

- दाड़नी के बगीचा में सौलिड वेस्ट मैनेजमेण्ट प्रोजैक्ट के अधीन transfer station बनाया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए 86.97 लाख का प्राकलन बनाया गया है तथा 64 लाख की लागत का अवार्ड पत्र ठेकेदार को दे दिया गया है।

- वर्ष 2015-16 में शिमला शहर में 7229 स्ट्रीट लाईटों को एल.ई.डी. में बदलने का प्रस्ताव है। जिन पर लगभग 5.10 करोड़ रूपये का खर्च आएगा, लेकिन विद्युत बिल व रख-रखाव के खर्चो में भारी कमी आएगी।

- कसुम्पटी में रानी ग्राउण्ड में एक बहु-उद्देश्य आधुनिक पार्क का विकास करने के लिए हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग के आर्कीटेक्ट विंग की सहायता से नगर निगम शिमला द्वारा राशि 1 करोड़ 29 लाख की लागत का प्राकलन बनवाया है। जिसमें play area के निर्माण, तीन gates, toilet block, harvesting tank, railings, park equipment plantations इत्यादि बनाये जाने प्रस्तावित है तथा जिसके लिए सतलुज जल विद्युत निगम लि0 से धन की उपलब्धता बारे पत्राचार द्वारा सम्पर्क किया गया है। इस पार्क के बनने से समाज के सभी लोग लाभान्वित होगें तथा क्षेत्र का सौन्दर्य बढ़ेगा। इस पार्क का निर्माण शीघ्र आरम्भ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कनलोग में पार्क व पार्किग का निर्माण करने की प्रस्तावना है।

- ऐतिहासिक रिज मैदान में प्रमुख रूप स भूस्खलन रोकने के आश्य से एवं आय सृजन के उद्देश्य से लगभग रू. 20 करोड़ की अनुमानित लागत से पार्क, दुकानो, मल्टीपलैक्स, स्काईवाक, लिफट, फूड कोट इत्यादि की सुविधा से सुसज्जित बहु-उद्ददेशीय परिसर की परिकल्पना अन्तिम चरण मे है तथा अन्तराष्ट्रीय स्तर का डिजाईन व मॉडल विकसित किया जा रहा है ताकि रिज मैदान का संरक्षण हो सके तथा जनाकर्षण का केन्द्र बिन्दु प्रस्तुत किया जा सके। प्रदेश सरकार की अनुमति प्राप्त होते ही इस परिसर का कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा।

- नगर निगम द्वारा लोकल बस स्टैण्ड के नजदीक पुराने भवन का पुर्न निर्माण करवाया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही है। इसके अतिरिक्त दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल के निर्माणाधीन भवन में दो मंजिलों पर नगर निगम द्वारा व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही है।

- शिमला शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों व पर्यटकों की सुविधा के लिए आगामी वित्त वर्ष में 300 नये बैंच लगवाये जाने प्रस्तावित ह।

- शिमला शहर में निगम की विभिन्न सड़कों जहॉ पर भी खाली स्थान उपलब्ध होगा उसका सौदर्यकरण शिमला की जनता की सहभागिता से करवाया जाना प्रस्तावित है तथा वहां पर उन्हें अपने कार्य के विज्ञापन का भी अधिकार होगा।

- नगर निगम में रू. 2 करोड़ 80 लाख की लागत से सोलर सिटी मिशन के अन्तगत सोलर पावर प्लॉट का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके लिए स्थान का चयन किया जा रहा है।

- शहर के विभिन्न वार्डो में 1000 सोलर स्ट्रीट लाईटें लगाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही 1700 सोलर होम लाईट स्लम एरिया में लगाने के लिए भी अग्रसर है।

- इस चालू वर्ष पंथाघाटी में तनजिन अस्पताल के पास एक हाई मास्ट लाईट और 3 हाई मास्ट लाईटें न्यु शिमला में बी.सी.एस. चौक, डी.ए.वी. स्कूल और बस स्टैण्ड में पर्यटन विभाग के सौजन्य से लगवाई गई ह।

4. निगम परियोजनाएं :

- नगर निगम द्वारा तहबाजारियों के सशक्तिकरण एवं पुनर्वास के दृष्टिगत लिफ्ट के नजदीक बेकरी बिल्डिग के स्थान पर पार्किंग तथा लिफ्ट सुविधा सहित 222 दुकानों का निर्माण कार्य राशि 3 करोड़ 85 लाख 53 हजार रूपये की लागत से किया जाना है। जिसके लिए निविदाएं आमंत्रित की गई है तथा औपचारिताएं पूर्ण होने पर 31 मार्च से पूर्व निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस परियोजना के लिए भारत सरकार द्वारा 2.50 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है जिसकी पहली किश्त 1.25 करोड़ नगर निगम शिमला को प्राप्त हो चुकी है।

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संजौली के समीप 2500 वर्ग मीटर क्षेत्र पर रू. 24 करोड़ 70 लाख की अनुमानित लागत से 400 वाहनों के लिए पी.पी.पी. आधार पर पार्किंग का निर्माण प्रगति पर ह। इसमें लगभग 40 हजार वर्ग फुट व्यवसायिक क्षेत्र प्रस्तावित है। 30 वर्षो की कन्सैशन

(Concesseion) अवधि में नगर निगम को प्रति वर्ष रू. 96 लाख की आमदनी होगी, जो प्रति 2 वर्षो में 10 प्रतिशत बढ़ेगी। प्रस्तावित नौ मंजिला परिसर वाले भवन मे से लगभग 250 वाहनों की पार्किंग क्षमता वाली चार मंजिलों को शीघ्र ही जनसाधारण के लिए खोल दिया जाएगा तथा पूरे प्रोजैक्ट का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा।

- छोटा शिमला में 1832 वर्ग मीटर क्षेत्र में रू. 11 करोड़ 68 लाख की अनुमानित लागत से 250 वाहनों के लिए पार्किंग का निर्माण पी.पी.पी. आधार पर प्रगति पर है। 30 वर्षो की कन्सैशन (Concession) अवधि में नगर निगम को रू. 36 लाख प्रतिवर्ष की आय होगी, जोकि प्रति दो वर्षो में 10 प्रतिशत बढ़ेगी। परिसर में लगभग 30 हजार वर्गफुट व्यवसायिक क्षेत्र प्रस्तावित है तथा इस पूरे प्रोजैक्ट का निर्माण कार्य जून, 2015 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

- लिफ्ट के समीप 6471.24 वर्गमीटर क्षेत्र रू. 46 करोड़ 11 लाख की अनुमानित लागत से 700 वाहनों के लिए पार्किंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। 30 वर्षो की कन्सैशन (Concession) अवधि में नगर निगम को प्रतिवर्ष रू. 1 करोड़ की आय होगी जोकि प्रति 2 वषा में 10 प्रतिशत बढ़ेगी, परिसर में लगभग 40 हजार वर्गफुट व्यवसायिक क्षेत्र बनाया जाएगा तथा इस का निर्माण कार्य वित्त वर्ष 2015-16 के अन्त तक पूर्ण होने की सम्भावना है।

- विकासनगर में 1062 वर्ग मीटर क्षेत्र पर 174 वाहनों की पार्किंग क्षमता वाले परिसर का निर्माण कार्य सरकार से नक्शों की स्वीकृति प्राप्त होने पर शीघ्र ही प्रारम्भ कर दिया जाएगा। 40 वर्षो की कन्सैशन (Concession) अवधि में नगर निगम शिमला को प्रतिवर्ष रू. 16 लाख आमदनी होगी, जो प्रति 3 वर्षो में 10 प्रतिशत बढ़ेगी।

- नगर निगम द्वारा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए 1 अप्रैल, 2015 से संजौली से पुलिस चौकी लक्कड़ बाजार, सी.टी.ओ. से एडवांस स्टडी होते हुए बालूगंज, छोटा शिमला चौक से शिमला क्लब तक तथा नवबहार से रिचमाउण्ट रेन शैल्टर तक लोगों की सुविधा के लिए आने-जाने हेतु बैटरी चलित गोल्फ कार्ट चलाने की योजना है इन बैटरी चलित गोल्फ कार्ट में महिलाओं, वरिष्ठ नागरिका व मरीजो के लिए 60 प्रतिशत सीटें आरक्षित होगी। इन बैटरी चलित गोल्फ काट का किराया नगर निगम द्वारा निर्धारित किया जाएगा व जिस हेतू औपचारिताएं शीघ्र पूर्ण कर ली जाएगी।

- नगर निगम द्वारा शिमला शहर के लोगों व सैलानियों के लिए पर्यटक सूचना केन्द्र बायपास रोड़ टूटीकण्डी से रिज वाया नगर निगम पार्किंग हाई कोर्ट, रोप-वे को पी.पी.पी. के आधार पर बनाने हेतू एच0पी0आई0डी0बी0 द्वारा निविदाएं बुला करके खोल दी गई हैं तथा उन पर विभागीय कार्यवाही की जा रही है। इस रोप-वे को बनाने के लिए जिन स्थानों का चयन किया गया है उनसे सम्बन्धित राजस्व कागजात एकत्रित किए जा रहे है तथा जहॉ-जहा पर वन भूमि आने की सम्भावना है, उसका एफ.सी.ए. के अन्तगत स्वीकृति हेतु मामला वन विभाग से उठाया जाएगा। आगामी वित्त वर्ष में इसका निर्माण कार्य शुरू करने की प्रस्तावना है तथा इस रोप-वे से शहर के विकास के लिए 11 करोड़ प्रतिवर्ष नगर निगम को आय प्राप्त होगी।

- शिमला शहर में यातायात की समस्या से निजात पाने के लिए दो अन्य रोप-वे तारादेवी से कुफरी वाया संकट मोचन, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, पुराना बस अडडा, जाखू मन्दिर तक तथा तारादेवी रेलवे स्टेशन से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वाया कसुम्पटी, छोटा शिमला, ट्टीकण्डी, पुराना बस अडडा तक रोप-वे व दो टनलों का निर्माण लिफट से लक्कड़ बाजार तथा लिफट से हिमफैड पम्प नजदीक नवबहार तक बनाने की परियोजना है। इन परियोजनाओं के लिए वर्ल्ड बैंक से वित्तीय सहायता लेने हेतू परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया है। वर्ल्ड बैंक द्वारा इन परियोजनाओं को लेकर 19 फरवरी को विस्तृत रिपोर्ट सहित दिल्ली में आयोजित बैठक में प्रस्तुतीकरण किया है। इन परियोजनाओ को अमल में लाने के लिए कन्सेप्ट नोट राज्य सरकार को भेज दिया है। जहा से यह केन्द्र सरकार के DEA व MoUD को भेजा जाना है। इन राप-वे व टनलों के निर्माण से शिमला शहरवासियों को जहॉ यातायात की समस्या से निजात मिलेगी, वहीं शहर के पर्यावरण व विकास के साथ-साथ सैलानी भी लाभान्वित होंगे।

- नगर निगम शिमला द्वारा पार्किंग की समस्या को देखते हुए शहर के विभिन्न स्थानों में पाकिग की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कैथू में मारनिंग व्यु के पास, स्नो व्यु के पास, केपिटल होटल के नीचे पुलिस लाईन कैथू सड़क पर, बालूगंज चौक पर, प्राईमरी स्कूल, चक्कर नजदीक हवाघर, बालूगंज बाजार नजीदक पुलिस स्टेशन, हनुमान मन्दिर खलीनी, सेन्ट जवियर स्कूल, संजौली तथा ढली में सामुदायिक भवन के नजदीक पार्किंग का निर्माण करने के लिए स्थान चयनित किए गए। इन सभी चयनित पार्किंग स्थलों को पी.पी.पी. के आधार पर निर्माण करने की योजना है। जैसे ही इन चयनित स्थलों की भूमि सम्बन्धी औपचारिकताएं पूर्ण होगी। आगामी वित्त वर्ष 2015-16 में इनके पी.पी.पी. आधार पर निर्माण हेतू प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके

अतिरिक्त न्यु शिमला में सेक्टर-II बस स्टैण्ड के नजदीक पार्किंग का निर्माण करने की प्रस्तावना है।

- शिमला शहर में पार्किंग समस्या से निजात पाने के लिए कार्ट रोड़ पर जहॉ-जहा पर सड़क की चौड़ाई ज्यादा है वहॉ पर येलो लाईन लगाकर के गाड़ियॉ पार्क करने का प्रावधान किया जाएगा। इससे सम्बन्धित मामला लोक निर्माण विभाग से उठाया गया है। लोक निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र आने पर 850 गाड़ियों के लिए पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी तथा साथ में नगर निगम की आय में भी बढ़ौतरी होगी।

- शिमला शहर में पार्को के निर्माण हेतु विभिन्न वार्डो में 40 स्थानों का चयन किया गया है। इनमे से जिन स्थानों पर भूमि की स्थिति स्पष्ट थी तथा जिसमें किसी तरह की वन भूमि सम्बन्धी राजस्व विवाद नहीं था उन चयनित स्थानों पर सतलुज जल विद्युत निगम लि0 की वित्तीय सहायता से 5 पार्को का निर्माण किया जा रहा है, उनमें से 3 पार्क का न्यु शिमला में, 1 का फलावरडेल में निर्माण किया जा चुका है तथा ढिंगुधार में कार्य प्रगति पर है। सतलुज जल विद्युत निगम लि0 द्वारा शिमला में पार्कों के निर्माण हेतू रू. 3 करोड़ 35 लाख की सहमति दी गई थी, जिसमे से लगभग 26 लाख रू0 की राशि नगर निगम को उपलब्ध करवा दी गई है। इसके अतिरिक्त अन्य स्थानों में पार्क बनाने की सूची भी सतलुज जल विद्युत निगम लि0 को उपलब्ध करवाई गई है। जिसके लिए उनसे पुनः वित्तीय सहायता हेतू आग्रह किया गया है।

- स्थानीय लोगों व पर्यटकों के लिए विशेषतया महिलाओं एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए रानी झॉसी पार्क में लगभग रू 4 करोड़ की लागत से कृत्रिम बर्फ स्केटिंग, स्पोटर्स, डांसिंग इत्यादि का टर्फ तैयार किया जाएगा।

- सब्जी मण्डी मैदान में लगभग रू. 100 करोड़ की लागत से डी.बी.ओ.टी. आधार पर HPIDB के माध्यम से प्रस्तावित बहु-उद्देशीय परिसर की औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी हैं आगामी वित्त वर्ष में इसका निर्माण कार्य आरम्भ करने का लक्ष्य है। कार्य पूर्ण होने पर नगर निगम को न्यूनतम रू. 2 करोड़ प्रतिवर्ष आय का अनुमान है।

- नगर निगम द्वारा लोगों की निगम से सम्बन्धित शिकायतों व उनके शीघ्र निवारण करने के उद्देश्य से महापौर, उप-महापौर, सभी निगम पार्षदों, अधिकारियों, कनिष्ठ अभियन्ताओं व सफाई निरीक्षको के साथ ग्रुप बनाकर

Whatsapp messenger के माध्यम से जोड़ दिया गया है ताकि लोगों की आंकाक्षाओ के अनुरूप उनकी शिकायतों का निपटारा किया जा सके व आम जनता को होने वाली दिक्कतो/असुविधाओं की जानकारी उपलब्ध हो सके। Whatsapp messenger का सीधा सम्बन्ध आयुक्त व सहायक आयुक्त से होगा जिससे उन्हें दिन-प्रति-दिन के क्रियाकलापों की जानकारी मिलती रहेगी तथा समय-समय पर जनहित में अधिकारियों/कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिये जा रहे ह और इस से समस्याओं के निवारण में काफी तीव्रता आई है। इसके अतिरिक्त निगम द्वारा स्थापित कन्ट्रोल रूम में टौल फ्री नम्बर 1916 पर 24 घण्टे शिकायतें दर्ज की जा सकती है व इन शिकायतों पर अनुवर्ती कार्यवाही व समाधान हेतु सप्ताह में एक दिन एक निगम अधिकारी की डयुटी सुनिश्चित की गई है ।

- जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के अन्तगत शहर के चहुॅमुखी, बहुआयामी एवं सुनियोजित विकास के लिए तैयार किए गए तथा 9 मार्च, 2007 को केन्द्र सरकार द्वारा अनुमोदित शहरी विकास योजना (CDP) का सामयिक संशोधन किया जा रहा है। परामर्शदाता द्वारा सभी स्टेक होल्डर विभागों/संस्थाओं/संस्थानों स गहन विचार-विमर्श के पश्चात, आधुनिकतम तकनीकों के सहयोग से शहरी विकास योजना (CDP) की ड्राफट रिपोर्ट तैयार करके नगर निगम शिमला को प्रस्तुत कर दी गई है, जिसके बार में विभिन्न स्टेक होल्डर विभागों/संस्थाओं/संस्थानों से विचार-विमर्श के बाद अन्तिम रूप दिया जाएगा।

5. शहरी गरीब के लिए परियोजनाएं :

- राजीव आवास योजना के अन्तगत भारत सरकार के आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय के सौजन्य से कृष्णानगर पायलट प्रोजेक्ट के लिए स्वीकृत रू. 33 करोड़ 99 लाख 65 हजार की कुल धनराशि में से प्रथम किश्त रू. 10 करोड़ 67 लाख 24 हजार नगर निगम को प्राप्त हुई है। प्रस्तावित 300 आवासीय इकाईयों म से 224 पात्र चिन्हित लाभार्थियों के लिए तथा 76 किराये के लिए है। इसके अतिरिक्त 30 लाख की लागत से पार्क का निर्माण किया जाएगा तथा 1 करोड़ 30 लाख की लागत से बहु-उददेशीय परिसर का निर्माण किया जाना है। इस परियोजना के अन्तगत 2 करोड़ 45 लाख रू. की सड़क तथा रास्तों पर खर्च की जाएगी। इस परियोजना के अन्तगत बायपास सड़क कृष्णानगर वधशाला से होली-डे होम के नीचे तक सड़क का निर्माण कार्य किया जाना है। इन सभी कार्यो के लिए मार्च, 2015

के अंत तक निविदाएं आमन्त्रित करके निर्माण कार्य तीव्र गति से आरम्भ करने की समयबद्ध कार्य योजना के अनुसार दिसम्बर, 2016 तक 80 प्रतिशत लाभार्थियों को आवास सुविधा पदान की जाएगा। इसके अतिरिक्त कृष्णानगर में सीवरेज व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, ड्रेनेज सिस्टम, नालों, रास्तों, सड़क, डंगों इत्यादि का सधार करके फायर फाईटिंग सिस्टम एव ठोस कचरा प्रबन्धन को भी सुदृढ़ किया जाएगा। सामुदायिक उत्प्रेरण सहभागिता तथा स्वयं सहायता समूहों की सक्रियता से जीवन स्तर को बेहतर बनाने का लक्षित प्रयास किया जाएगा।

- कृष्णानगर के पश्चात् द्वितीय चरण में रूल्दूभटठा वार्ड की चार बस्तियों- ईदगाह कलोनी, कोटहिल क्षेत्र, 12- घर की लाईन तथा 5- घर की लाईन को राजीव आवास योजना के अन्तगत लाभान्वित करने हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) के लिए कार्य प्रगति पर है। सामुदायिक सहभागिता से पात्र लाभार्थियों का चयन किया जा रहा है तथा हि.प्र. वक्फ बोर्ड से भूमि सम्बन्धित मामलों को उठाया गया है। परामर्शदाताओं का चयन अन्तिम चरण में है। आगामी वित्त वर्ष में इस वार्ड की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) को भारत सरकार के अनुमोदन के उपरान्त कार्यान्वित करने का लक्ष्य है।

- शिमला शहर के चिहिन्त 87 स्लम क्षेत्रों को राजीव आवास योजना के अर्न्तगत परामर्शदाता (Consultant) द्वारा स्लम फ्री सिटी प्लान ऑफ एक्शन (SFCPOA) तैयार कर ली गई है जिस पर राशि 35 लाख का खर्च होने की सम्भावना ह। स्लम क्षेत्रों के सार्वभौमिक उत्थान के लिए जी.आई.एस. मपिंग (GIS Mapping) सहित वृहद् कार्य योजना का वर्ष 2015-16 में वित्त पोषण प्रस्तावित है।

- 14 करोड़ 1 लाख रूपये की लागत से 384 घरेलू इकाईयों का निर्माण हिमुडा द्वारा आशियाना-II परियोजना के अन्तगत किया जाना था, इसमे से हिमुडा द्वारा 176 घरेलू इकाईयों का निर्माण किया जा रहा है। इन 176 ईकाईया मे से अभी तक नगर निगम शिमला को 40 आवास हस्तान्तरित कर दिए गए ह, कुल 176 आवासों मे से 94 आवास 31 मार्च, 2015 तक नगर निगम शिमला को हस्तान्तरित कर दिए जाएगें, जिन्हें पात्र लोगों को आबंटित करने की प्रक्रिया जारी है। शेष 82 आवास जोकि फोरलेन में आ रहे ह, उनके बारे में सम्बन्धित राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के साथ मामला उठाया गया है। इन 176 आवासों की कुल निर्माण लागत 10 करोड़ होने का सम्भावना है।

6. जल विभाग :

- शिमला शहर में 130 सार्वजनिक शौचालय हैं, जिनमें से 110 का रख-रखाव सुलभ इण्टरनैशनल संस्था द्वारा किया जा रहा है। जी.आई.जैड. के सहयोग से 26 शौचालयां के नवनिर्माण/जीर्णोद्धार की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार की गई है। वर्ष 2015-16 में शौचालयों के रख-रखाव हेतु क्लस्टर बेसिज पर निविदाएं आमन्त्रित की जा रही है। सामुहिक सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) से इनके संचालन हेतु धन के प्रावघान की प्रस्तावना है।

- चालू वित्त वर्ष में 5 नए सार्वजनिक शौचालयों का पुननिर्माण किया गया है, जिसमें से घोड़ा सराय के समीप एक महिला एवं एक पुरूष, रिज, नजदीक मोती मस्जिद तथा नजदीक लिफट पार्किग का कार्य पूरा हो चुका है तथा ताराहाल स्कूल के नजदीक शौचालय का कार्य लगभग पूर्ण होने जा रहा है। इसके अतिरिक्त बंगाला कालौनी संजौली, जाखू मंदिर, गौसाई का अहत्था जाखू, अनाडेल, कैथू बाजार, बंगाला कालौनी टूटू, घोड़ा चौकी में दो तथा ऑकलैण्ड टनल के पास नये सार्वजनिक शौचालय बनाये जाने प्रस्तावित ह।

- नगर निगम शिमला में रिज मैदान पर लगभग रू. 18 लाख की लागत से महिला, पुरूष एवं बच्चों क लिए तीन ई.-शौचालयां का निर्माण वर्ष 2015-16 में किया जाना प्रस्तावित है।

- चालू वित्त वर्ष में पानी के बिलों से 31.12.2014 तक रू. 9 करोड़ 97 लाख की प्राप्ति हुई जोकि इस वित्तीय वर्ष में बढ़कर लगभग रू. 13 करोड़ तक प्राप्त होने का लक्ष्य है तथा आगामी वित्त वर्ष में इसका युक्तिकरण करके यह राशि बढ़कर 18 करोड़ तक होने का अनुमान है।

- चालू वित्त वर्ष में नगर निगम शिमला में सम्मिलित नए क्षेत्रों में 746 नए पानी के कुनैक्शन तथा 248 सीवरेज के कुनैक्शन लगाए गए ह, जिससे शहर में 28140 पानी के तथा 11069 सीवरेज कनैक्शन हो गए ह।

- इस चालू वित्त वर्ष में पानी की लाईनों को बिछाने तथा सुधार हेतु रू. 157.37 लाख तथा सीवरेज व्यवस्था के लिए रू. 225.59 लाख व्यय किए गए। शौचालय निर्माण पर रू. 25.56 लाख व्यय किए गए ह।

- नगर निगम द्वारा संजौली, ढली व चम्याणा वार्डो क क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के दृष्टिगत राशि 75 लाख की लागत से संजौली में ढिंगुधार पम्प हाउस के संवर्धन एवं उठाऊ पेयजल योजना का कार्य प्रगति पर है तथा इसका राईजिंग-मेन व पम्पिंग मशीनरी का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। शीघ्र ही बिजली ट्रांसफारमर लगने के उपरान्त पेयजल आपूर्ति आरम्भ कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त 5 लाख लीटर क्षमता वाले भण्डारण टैंक के निर्माण की निविदाएं आमन्त्रित की जा चुकी है।

- विकासनगर, पट्टी रझाणा, मल्याणा, संकटमोचन, महावीर घाटी, घोड़ा चौकी तथा संदल चक्कर क्षेत्रों में सीवरेज की सुविधा उपलब्ध करने के उद्देश्य से नई सीवरेज लाईने बिछाई गई है। जिन पर रू. 1,75,93,533/- व्यय किए गए।

- टुटू वार्ड के अन्तगत शिव नगर, विजयनगर इत्यादि क्षेत्रों में चली आ रही पानी की समस्या को लेकर नगर निगम द्वारा इस चालू वित्त वर्ष में जल वितरण प्रणाली में सुधार किया गया है।

- पर्यटकों के आकषण हेतू टका बैंच में राशि 10 लाख की लागत से फुव्वारा लगाया गया है तथा रिज पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप लगभग राशि 25 लाख की अनुमानित लागत से 2 नये आधुनिक म्युजीकल फुव्वारों का कार्य प्रगति पर है।

- नगर निगम शिमला की परिधि के भीतर तथा बाहर पेयजल आपूर्ति की घरेलू दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने हेतू मामला प्रदेश सरकार को भेजा जा चुका है। निगम में कुल 28140 घरेलू व व्यवसायिक पानी के कुनैक्शन है और व्यवसायिक पानी के कुनेक्शन में मीटर दरों पर व घरेलू पानी के कुनैक्शन के बिल फलैट दरों पर 210 रू प्रति माह व 15 प्रतिशत सीवरेज सेस जोड़कर उपभोक्ताओं से लिए जाते है, जिससे नगर निगम शिमला को लगभग 13 करोड़ की वार्षिक आय होती है। जबकि सिंचाई एव जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम को रू. 18.20 प्रति किलो लीटर के हिसाब से बिल आता है और यह बिल प्रतिमाह लगभग 2.5 करोड़ व वार्षिक 30 करोड़ हो जाता है। यहॉ यह भी ध्यान में लाया जाता है कि शिमला शहर में बिजली के 65000 उपभोक्ता है, जिनके बिजली के कुनैक्शन लगे हुए है तथा नगर निगम द्वारा इन सभो को पीने का पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसलिए नगर निगम शिमला को भी बिजली के कुनैक्शनों की भान्ति सभी उपभोक्ताओं को पानी के

कुनैक्शन दिये जाने पर विचार-विमर्श करना होगा, जिससे समस्त शहरवासियो को पीने का पानी उपलब्ध हो सके।

- शिमला शहर क विभिन्न वार्डो में कई स्थानों पर सीवरेज लाईनों की क्नैक्टिविटी मिसिंग व गल-सड़ गई है। इसके कायाकल्प के लिए 170.35 करोड़ की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार कर दी गई है तथा मामला शीघ्र ही आर्थिक मामले विभाग, भारत सरकार को वर्ल्ड बैंक/जेईका/ए.डी.बी. द्वारा धन उपलब्ध करवाने हेतु भेजा जा रहा है।

- शिमला शहर में पानी की आपूर्ति में सुधार के लिए राशि 335.77 करोड़ की लागत से विस्तृत पेयजल परियोजना (DPR) तैयार की गई है और इस परियोजना के लिए वर्ल्ड बैंक/जेईका/ए.डी.बी. से धन उपलब्ध करवाने हतु मामला भारत सरकार के आर्थिक मामले विभाग को भेजा जा रहा है।

- इसके अतिरिक्त शिमला शहर में जल वितरण एवं सीवरेज प्रणाली को सुदढ़ करने के लिए संशोधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार करवाई गई है जिसकी कुल लागत 136.93 करोड़ रूपये है। इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भारत सरकार के आर्थिक मामले विभाग को वर्ल्ड बैंक/जेईका/ए.डी.बी. से धन उपलब्ध करवाने हेतु भेजी जा रही है।

7. स्वास्थ्य विभाग :

- नगर निगम द्वारा गठित सैहब सोसाईटी को सशक्त बनाने व सफाई व्यवस्था को सुचारू करने के उद्देश्य से सभी गारबेज क्लैक्टरों को निर्देश दिए गए है कि वह अपने-अपने वार्डो के पॉच घरो/दुकाना/संस्थाओं के मुखिया या सदस्य से प्रतिदिन निर्धारित फार्म पर हस्ताक्षर लेकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे तथा इस फार्म को अपने सम्बन्धित पर्यवेक्षक को देंगे। इसके अतिरिक्त पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आगामी वित्तीय वर्ष में सभी पर्यवेक्षक कूड़ा एकत्रित करने की एवज में लिए जाने वाले निर्धारित शुल्क की रसीद उपभोक्ताओं को मशीन के माध्यम से उपलब्ध करवायेंगे तथा इसका लेखा-जोखा सम्बन्धित को-ऑर्डिनेटर पर्यवेक्षक के माध्यम से अपने कार्यालय में प्रस्तुत करगे। सैहब सोसाईटी के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 गारबेज क्लैक्टरों को प्रति माह युरोपियन युनियन से प्रोत्साहित किया जाएगा।

- सैहब सोसाईटी के अर्न्तगत सभी वार्डो में उपलब्ध कूड़ा उठाने वाली सभी 25 पिकअप में 01 से 25 तक नम्बर अकित कर दिए गए है तथा इन 25 पिकअप को क्रमानुसार 1 से 25 वार्डो में लगाया गया है ताकि वार्ड के लोग अपने-अपने क्षेत्रों में आने वाली पिकअप को आसानी से पहचान सके तथा पिकअप के न आने पर वह आसानी से पिकअप में अंकित नम्बर को बताकर नगर निगम द्वारा स्थापित कंटोल रूम में टोल फ्री नम्बर 1916 पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते ह, जिसे कन्ट्रोल रूम द्वारा उपलब्ध रिकार्ड अनुसार आसानी से उस नम्बर की पिकअप के चालक व सम्बन्धित पर्यवेक्षक को सूचना दी जाएगी व शिकायत का शीघ्र निपटारा करने में सुविधा होगी। इसके अतिरिक्त नगर निगम के सम्बन्धित सफाई निरीक्षको को भी सफाई सम्बन्धी समस्या के समाधान हेतू शिकायत की जा सकती है।

- नगर निगम द्वारा ठोस कचरा प्रबन्धन परियोजना के अन्तगत भरियाल में स्थापित संयत्र का बेहतर प्रबन्धन तथा क्षमता संवर्धन की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा शहर का एकत्रित कूड़ा सूचारू रूप से निरन्तर भेजा जा रहा है। इसके अतिरिक्त रू. 10 करोड़ 50 लाख की लागत से सैनीटरी लैण्डफिल साईट का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है ताकि अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से प्रबन्धन किया जा सके।

- दाड़नी का बगीचा (कृष्णानगर) में रू. 26 करोड़ 42 लाख की लागत से आधुनिक वधशाला का निर्माण किया गया है। नगर निगम शिमला की यह वधशाला देश की एकमात्र पहली आधुनिक वधशाला है जिसे भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा भी सराहा गया है। जिन नगर निगमों ने इस आधुनिक वधशाला को लगाना प्रस्तावित किया है वह नगर निगमें इस वधशाला को देखने आ रहो है और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी देश की विभिन्न नगर निगमो को इस आधुनिक वधशाला को देखने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा नगर निगम शिमला के सम्बन्धित अधिकारियों को भी इस वधशाला के अनुभव की जानकारी उपलब्ध करवाने हेतु आयोजित कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जा रहा है। शिमला नगर निगम द्वारा वर्तमान में इस वधशाला का संचालन पट्टे के आधार पर पॉच वर्षो के लिए मै0 माईक्रो ट्रांसमीशन सिस्टम को दिया गया है तथा पट्टेधारक द्वारा अग्रिम राशि 2.14 करोड़ निगम कोष में जमा करवाई गई है। इसके अतिरिक्त मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को मध्यनजर रखते हुए नगर निगम द्वारा सुअरों की वधशाला को अलग भवन में स्थापित करने की परियोजना बनाई गई है। जिसके निर्माण पर अनुमानित राशि 70.00 लाख रूपये खर्च होने की सम्भावना है।

- नगर निगम द्वारा पांजड़ी स्थित अस्पताल में जन्म नियन्त्रण हेतू आवारा कुत्तों की नसबन्दी के कार्यक्रम के अर्न्तगत 1.3.2014 से 31.1.2015 तक 765 आवारा कुत्तों की नसबन्दी व टीकाकरण किया गया।

- सैहब सौसाईटी के अर्न्तगत कार्यरत सभी कर्मचारियों का जनवरी, 2014 से प्रतिमाह निर्धारित वेतन से 12 प्रतिशत कर्मचारी भविष्य निधि काटना आरम्भ किया गया है जिससे सैहब सोसाइटी के सभी कर्मचारी लाभान्वित होगें।

8. वास्तुक विभाग :

- इस चाल् वित्त वर्ष में वास्तुक योजनाकार शाखा में भवन निर्माण हेतू 511 प्रस्तावित/संशाधित नक्शों के मामले स्वीकृति के लिए प्राप्त हुए, जिनमें से 502 भवनों के नक्शों की स्वीकृति प्रदान की गई तथा विभिन्न प्रकार के शुल्को/पैनल्टी/अनापत्ति प्रमाण पत्रों से लगभग रू. 2 करोड़ 86 लाख की प्राप्ति हुई है। पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से इस विभाग की कार्य प्रणाली को ऑन लाईन किया जा रहा है जिससे आवेदकों को अपनी नस्ति के सम्बन्ध में जानकारी मिलती रहेगी।

9. सम्पदा विभाग :

- नगर निगम द्वारा आयुक्त की अध्यक्षता में Town Vending Committees का गठन किया जा चुका है तथा इसकी 2 बैठकें आयोजित की गई है जिसमें National Street Vendors Policy, 2009 तथा Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Bill, 2012 के प्रावधानों के अनुसार शहर में Vending Zones, No Vending Zones तथा Restricted Vending Zones को चिन्हित किया जा रहा है। जिससे लघु व्यवसायियों के पुनर्वास के साथ-साथ जनसुविधा को भी पूर्ण अधिमान दिया जाएगा।

- नगर निगम शिमला की परिधि में बिट्रिशकाल के पुराने 5 लेबर होस्टल ह। इसके अतिरिक्त शहर के बढ़ते विकास स्तर के कारण श्रमिकों का आगमन दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और उस अनुपात में इन श्रमिकों के ठहरने की कम व्यवस्था है। हिमाचल प्रदेश श्रम एवं रोजगार विभाग के सौजन्य से

कोटहिल में एक नए लेबर होस्टल का निर्माण करने की आपचारिकताएं पूर्ण की जा रही ह। इसके अतिरिक्त दो अन्य लेबर होस्टल के निर्माण के लिए स्थान चयनित किये जा रहे है। जिसके लिए राशि 4 करोड़ 50 लाख रूपये की अनुदान राशि हेतु सरकार से आग्रह किया गया है।

- वर्ष 2014-15 में नगर निगम को विज्ञापन/होर्डिंग्स स्थलां से माह जनवरी, 2015 तक लगभग रू. 55 लाख की प्राप्ति हुई है। आगामी वित्त वर्ष के लिए विज्ञापन होर्डिग की नीति निर्धारण बारे विभागीय कार्यवाही चल रही है और जिससे निगम को 80 लाख की आय अनुमानित है।

- विभिन्न फिल्मों की शूटिंग से चालू वित्त वर्ष में रू. 25 लाख की आय प्राप्त हुई है। आगामी वित्त वर्ष में फिल्म शूटिंग से लगभग 30 लाख रू0 की आय सृजित करने की प्रस्तावना है।

- वर्ष 2014-15 में निगम की दुकानों की सबलैंटिग के नियमितिकरण प्रभार व किराये में वृद्धि करके लगभग रू0 65 लाख की एक मुश्त आय प्राप्त हुई है।

- नगर निगम के भराड़ी स्थित विश्राम गृह का कार्य पूर्ण कर दिया गया है जिस पर लगभग 60 लाख का व्यय हुआ है। आगामी वित्त वर्ष में भराड़ी रैस्ट हाउस के आबंटन से लगभग 25 लाख व रिज पर स्थित एल.ई.डी. स्क्रीन के आबंटन से लगभग 12 लाख रूपये की आय प्राप्त होने की सम्भावना है।

- शिमला शहर में भार उठाने वाले श्रमिको की सुविधा के लिए 50 नये थड़ों (Back Rest) का निर्माण व पुराने थड़ों की मुरम्मत करवाई जाएगी।

10. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन :

- स्वण ज्यन्ती शहरी रोजगार योजना के अर्न्तगत इस चालू वर्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 8,10,500/- रूपये खर्च हुए है जिसमें 73 लाभार्थीयों को लाभान्वित किया गया और ऋण अनुदान कार्यक्रम के अर्न्तगत 7,50,000/- रूपये खर्च किए गए है। वर्ष 1998 से कार्यान्वित स्वर्ण ज्यन्ती शहरी रोजगार योजना को बदल कर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के नाम से इस योजना का प्रादुर्भाव हो गया और इस मिशन के तहत आगामी वर्ष में शहरी गरीब लाभार्थियों व 2 लाख तक की आय की सीमा के पात्र युवाओं को भी कौशल विकास कार्यक्रम के तहत रोजगार/स्वरोजगार के लिए सौन्दर्य एवं

सुसज्जित प्रशिक्षण, वेशभ्षा एवं परिधान प्रशिक्षण, निर्माण कार्य एवं प्लम्बर का प्रशिक्षण, रिटेल प्रशिक्षण, टैलीकॉम प्रशिक्षण तथा पर्यटन एवं आतिथ्य का प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त लगभग 75 स्वयं सहायता समूहों को गठित करने के उपरान्त बैंक से जोड़ा जाएगा। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन मे सभी स्वय सहायता समूह को स्वावलम्बी बनाने के लिए 6 माह के बाद 10 हजार रूपये प्रति समूह दिये जाने का भी प्रावधान है। सभी समूह को उनकी रूचि के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करने के उपरान्त समूह में कार्य करने हेतु बैंकों के सौजन्य से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। आगामी वित्त वर्ष में लगभग 1800 पात्र शहरी गरीबो को इस मिशन के अन्तगत प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे और लगभग एक करोड़ रूपये राष्टोय शहरी आजिविका मिशन के अन्तगत प्राप्त होना अनुमानित है।

- शहर में 2 सिटी आजीविका केन्द्र खोलने की भी प्रस्तावना है जिससे शहर में तैयार किए जा रहे कौशल को एक कॉल सैन्टर का रूप दिया जाएगा।

11. युवाओं, विद्यार्थियों व महिलाओं के लिए :

- शिमला शहर में युवाओं व विद्यार्थियों के लिए 4 चयनित स्थानों पर खेल मैदान व बैडमिनटन कोर्ट का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा 15 लाख खेल मैदान व 30 लाख बैडमिनटन कोर्ट के निर्माण हेतु देने प्रस्तावित किए है।

- शहरी गरीब महिलाओं के उत्थान हेतु स्वय सहायता समूह की ओर से विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर उनका कौशल विकास किया जाएगा ताकि महिलाओं का सशक्तिकरण हो सके।

- शिमला शहर के विभिन्न चयनित स्थानों से आगामी वित्त वर्ष में महिलाओं की सुविधा के लिए पिंक टैक्सी चलाई जाने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है और शीघ्र ही महिलाआं को इसकी सुविधा मिलेगी।

12. अन्य परियोजनाएं :

- एशियन डवैल्पमेण्ट बैंक द्वारा वित्त पोषित तथा पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के माध्यम से प्रस्तावित Beautification of Mall Road and

Restoration of Mall Road Project का कार्य रू. 18 करोड़ की लागत से किया जा रहा ह। जिसमें शैलेट डे से लेकर स्कैण्डल प्वाईट से रिज मैदान तक स्ट्रीट फर्नीचर, फेसाड इम्प्रुवमेण्ट, वर्षा शालिका, प्याऊ, कम्बरमियर ब्रिज, फाउन्टेन, स्ट्रीट एवं फॉकस लाईटिंग, रिटेनिंग वाल का सौन्दर्यकरण वेस्ट-बिन (waste bin) इत्यादि का कार्य, सड़क तथा ड्रेनज की इम्प्रुवमेण्ट के साथ किया जाएगा। रानी झांसी पार्क तथा दौलत सिंह पार्क का भी सौन्दर्यकरण प्रस्तावित है।

- पर्यटन एव नागरिक उड्डयन विभाग के सहयोग से माल रोड़ की तर्ज पर बालूगंज से छोटा शिमला तथा संजौली से रिज, रिज से जाखू इत्यादि सड़कों के सुधार तथा सौन्दर्यकरण की प्रस्तावना है। शहर में लगभग 35 स्थानों पर दिशासूचक तथा ज्ञानवर्धक signages लगाए जाएंगे। तीन प्रमुख स्थानों पर ऐसक्लेटरज लगाने की भी प्रस्तावना है।

- युरोपियन युनियन के सहयोग से 42 माह की समयावधि तथा 1 मिलियन यूरो की लागत वाली परियोजना चलाई जा रही है। अब तक रू. 1 करोड़ 27 लाख की प्राप्ति हुई है। इस परियोजना का 90 प्रतिशत योगदान युरोपियन युनियन द्वारा किया जाएगा तथा 10 प्रतिशत नगर निगम द्वारा वहन किया जाना है। जिसके लिए बजट में प्रावधान किया जाना आवश्यक है। सामुदायिक केन्द्र न्यू शिमला में कार्यालय को आधुनिक उपकरण, फर्नीचर व स्टाफ प्रदान किया है तथा स्वच्छ भारत अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष मे झाँकी, कसुम्पटी में लगभग 800 घरों व संस्थानों का सर्वेक्षण किया गया तथा उनम से लगभग 200 घरों के लिए Decentralized Waste Water Treatment System (DEWATS) लगाने बारे राजस्व कागजात के अनुरूप साईट चयन कर मामला वन विभाग को एफ.सी.ए. हेतू शीघ्र भेजा जा रहा है। इसी प्रकार एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कसुम्पटी वार्ड में किया जाएगा।

- इस परियोजना के अर्न्तगत नगर निगम शिमला के साथ-साथ मण्डी, नाहन, हमीरपुर के शहरी निकायों को Decentralized Basic Needs Services के बारे प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के तकनीकी कर्मचारियों को DEWATS Engineering का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त सिटी सनीटेशन प्लान, एडवांस तकनीको प्रशिक्षण इत्यादि बारे प्रशिक्षण कार्यक्रम किये जाने प्रस्तावित है।

- पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून, 2014 को शिमला पर्यावरण जागरूकता अभियान (Shimla Enviorment Education Programme, SEEP) तथा प्रोजैक्ट वेव-साईट शुरू की गई। सीप पाग्राम के अर्न्तगत 118 स्कूलों का सर्वे कर, 57 स्कूलों के साथ बैठक आयोजित की गई। विभिन्न स्कूलों के लगभग 5000 से अधिक बच्चों को प्रस्ततीकरण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण हेतू जानकारी दी गई। बच्चों के माध्यम से ग्रीन फोस ऑफ शिमला बनाकर सफाई में जागरूकता हेतु भागोदारी सुनिश्चित की जाएगी।

- ठोस कचरा प्रबन्धन के लिए Decentralized Solid Waste Management (DESWAM) विधि का प्रशिक्षण कर लिया गया है और इसे विभिन्न स्कूलों में छात्रां व छात्राओं के माध्यम से लागू किया जाएगा ताकि कचरे को विकेन्द्रीकृत विधि से नष्ट कर जैविक खाद में परिवर्तित किया जाएगा।

- वार्ड स्तरीय नियोजन के लिए टूटू वार्ड के सभी भवनों को चिन्हित कर घर-घर का सर्वेक्षण किया जा रहा है। सीवरेज सप्टिक टैंकों को खाली करने हेतू एक मशीन खरीदी जानी प्रस्तावित है।

- युरोपियन युनियन के तहत 4 नगर परिषदों नाहन, हमीरपुर, मण्डी तथा धर्मशाला की सिटी सैनीटेशन परियोजना बनाई जानी प्रस्तावित है।

- ठोस कचरा प्रबन्धन के लिए Decentralized Solid Waste Management (DESWAM) विधि के माध्यम से सब्जी मण्डी के जैविक कचरे को नष्ट करने हेतू एक बायोगस प्लॉट लगाया जाएगा।

- ठोस कचरा प्रबन्धन के लिए Decentralized Solid Waste Management (DESWAM) विधि के माध्यम से शहर में 2-3 स्थानों पर Waste Reduction Centre प्वाईंट बनाये जाने प्रस्तावित है ताकि डोर-टू-डोर कुलैक्शन से आए कड़े-कचरे में से सूखा तथा पूनचक्रण होने वाले कचरे को अलग कर सिर्फ गिला कचरा ही ठोस कचरा प्रबन्धन प्लांट पर भेजा जा सके।

- इस चालू वर्ष में युरोपियन युनियन के अर्न्तगत नगर निगम शिमला के एक सफाई निरीक्षक, एक सफाई कर्मचारी तथा एक डोर-टू-डोर गारबेज कुलैक्टर को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 15 अगस्त के अवसर पर 5100-5100 रूपये तथा प्रशंसा पत्र दिए गए।

- माल रोड़ की तर्ज पर लोअर बाजार, मिडल बाजार, सब्जी मण्डी, गंज बाजार एवं राम बाजार की सड़को के सुधार व सौन्दर्यकरण हेतु भी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार की जा रही है। जिसे पदेश सरकार से धन उपलब्ध करवाकर कार्यान्वित करने की प्रस्तावना है।

13. ई0 गवर्नेंस प्रौजेक्ट :

- आगामी वित्त वर्ष में रू. 11 करोड़ 20 लाख की लागत से स्वीकृत ई0 गवर्नेंस परियोजना के अर्न्तगत सौफटवेयर तथा हार्डवेयर उपलब्ध करवा कर सभी 22 मॉडयूल को प्रारम्भ किया जाएगा। इस कार्य को M/S ABM Knowledgeware Pvt. Ltd. को अवार्ड किया गया है। इससे जनसाधारण को ऑन लाईन सुविधाएं, वार्ड स्तर पर महत्वपूर्ण जानकारियॉ एवं आधुनिक सुविधाएं तथा त्वरित व पारदर्शी कार्य प्रणाली का लाभ प्राप्त होगा तथा नगर निगम की कार्यकशलता में भी आशातीत वृद्धि होगी।

- सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से तथा संचार कम्पनियों की सहभागिता से शहर को समार्ट सिटी बनाने हेतु हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ जारी संयुक्त प्रयासों को गति प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण कार्यालयों/संस्थाओं को कनैक्टीविटी तथा सार्वजनिक स्थलों पर वाई-फाई नेटवर्क उपलब्ध करवाने की दिशा में ठोस पग उठाए जाएंगे।

14. प्राप्त सहायता अनुदान :

इस वित्तीय वर्ष में 31.12.2014 तक प्रदेश सरकार के माध्यम से व अन्य स्तरों से नगर निगम को प्राप्त अनुदान राशि का ब्यौरा निम्न प्रकार से है :-

1	जिलाधीश कार्यालय के माध्यम से :-		राशि **(रूपये)**
	क-	डिसेन्ट्रेलाईजड़ प्लानिंग के अन्तर्गत अनुदान	1.00 लाख
	ख-	शहर में कार्यो हेतू अनुदान	7.44 लाख
2	निदेशक, शहरी विकास विभाग हि0 प्र0 के माध्यम से :-		
	क-	सडकों के रख-रखाव हेतू	121.68 लाख
	ख-	13वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप अनुदान सहायता	230.43 लाख
	ग-	तृतीय/चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप अनुदान सहायता/चुंगी समाप्ति	1787.54 लाख
	घ-	**O&M of Sewerage Scheme under demand No.28** के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान राशि	116.84 लाख
	ड-	पालिका भवन के लिए सडक पर इंन्टरलॉकिंक पेवर बिछाने हेतू प्राप्त धनराशि	5.00 लाख
	च-	अर्बन रिस्क रिडक्शन प्रोग्रम के अन्तर्गत	7.17 लाख
	छ-	अन्य स्कीम	0.67 लाख
3		विधायक निधि से	1.00 लाख
4		सांसद निधि से	5.00 लाख
5	अन्य विभागों के माध्यम से:-		
	क-	निदेशक **IDIPT-HP**, **EE(HIMUDA),** महासचिव, रामनगर कल्याण समिति, ढली **EE, HPPWD Rural Divn. Dhami , Distt.Youth Service & Sports Officer, Shimla** से प्राप्त राशि	78.93 लाख
	ख-	पर्यटन विभाग से हाई मास्ट लाईट लगाने हेतू प्राप्त अनुदान	1.00 लाख
	ग-	एस0जे0वी0एन0एल0 से पार्को की मुरम्मत हेतू प्राप्त राशि	9.79 लाख
	घ-	हि0प्र0 राज्य सहकारी बैंक व अन्य सामाजिक संस्थाओं से बैंच आदि लगाने हेतू प्राप्त राशि	3.29 लाख
6	आधुनिक स्लाटर हाउस के निर्माण हेतू प्राप्त अनुदान :-		300.00 लाख
7	शून्य प्रोजैक्ट और **EU Project** के अन्तर्गत अनुदान :-		25.20 लाख
8	**JNNURM** के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान :-		523.30 लाख

कुल प्राप्त अनुदान राशि रूपये -	3225. 28 लाख

15. विकासात्मक गतिविधियों के लिए बजट अनुमानों का विवरण :

(राशि रूपये लाखों में)

क्रम सं0	विवरण	राजस्व (रख-रखाव)	पुंजीगत (निर्माण)	कुल
1	सड़कों, रेलिंग, डंगों, सीढ़ियों, रास्तों इत्यादि के रख-रखाव व निर्माण के कार्यो हेतु	729.28	141.05	870.33
2	स्ट्रीट लाईट लगाने व उनके रख-रखाव हेतु	100.84	87.49	188.33
3	निगम के भवनों, आवासों के रख-रखाव / निर्माण हेतु	95.22	343.58	438.80
4	पार्किंग का रख-रखाव व निर्माण हेतु	5.00	6.41	11.41
5	नालो की चैनेलाईजेशन/ मुरम्मत/ निर्माण हेतु	26.30	53.65	79.95
6	पानी की लाईनों का रख-रखाव व अतिरिक्त लाईनें बिछाने हेतु	56.72	449.68	506.40
7	सिवरेज लाईनों के रख-रखाव अतिरिक्त लाईनें बिछाने हेतु	41.57	664.61	706.18
8	शौचालय के रख-रखाव/निर्माण हेतु	70.50	121.51	192.01
9	पार्क/प्लेग्राउण्ड इत्यादि विकसित करने हेतु	13.00	49.06	62.06
10	लेबर होस्टल का निर्माण	-	10.00	10.00
11	शहर में नये डम्पिंग स्थान विकसित करने हेतु	-	88.73	88.73
12	सौलिड बेस्ट मैनेजमैन्ट	207.50	-	207.50
कुल योग :-		1345.93	2015.77	3361.70

16. नगर निगम शिमला के वर्ष 2015-16 के बजट अनुमान :

नगर निगम शिमला के वर्ष 2014-15 के संशोधित एवं आगामी वित्त वर्ष 2015-16 के बजट अनुमानों का मुख्य शीर्ष-बार विवरण निम्नानुसार है :-

(Rs. in lakhs)

Major Account Head Code	Actual for the previous year 2013-14	Budget Estimates for the year 2014-15	Actual of First Nine Month for current year 2014-15	Revised Estimates for the current year 2014-15	Budget Estimates for the next year 2015-16
1	2	3	4	5	6
1. राजस्व आय					
110- Tax Revenue	**772.75**	**1502.88**	**605.39**	**766.91**	**1812.59**
मुख्य शीर्ष 110-सम्पत्ति कर के अन्तर्गत यूनिट एरिया मैथड पर आगामी वित्त वर्ष में चालू वित्त वर्ष की मांग सहित सम्पत्ति करों से 1812.59 लाख रूपये की आय प्राप्ति का अनुमान है।					
120- Assigned Revenues and Compensation	**1712.72**	**1985.10**	**1930.96**	**2058.54**	**2176.29**
मुख्य शीर्ष 120- Assigned Revenues & Compensation के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष में राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप 1966.29 लाख, बिजली की खपत पर फीस से 150.00 लाख व शराब की बिक्री पर फीस से 60.00 लाख रूपये की आय प्राप्ति का अनुमान है।					
130- Rental Income- Municipal Properties	**480.71**	**320.00**	**167.70**	**280.20**	**509.50**
मुख्य शीर्ष 130- निगम की दुकानों/स्टालों आदि से किराए के रूप में आगामी वित्त वर्ष में 509.50 लाख रूपये की आय प्राप्ति का अनुमान है।					
140- Fees & User Charges	**2305.67**	**2875.47**	**1730.44**	**2415.72**	**3725.94**
मुख्य शीर्ष 140- फीस एण्ड यूजर चार्जिज के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष में पानी के घरेलू/व्यवसायिक कुनैक्शनों के युक्तिकरण करने पर Water Charges से 1800.00 लाख, सीवरेज यूजर चार्जिज से 270.00 लाख, Compounding फीस से 175.00 लाख, ग्रीन फीस से 800.00 लाख, केवल ऑपरेटरज से प्रति केवल कनैक्शन चार्जिज वसूलने से 75.00 लाख, पार्किंग फीस से 150.00 लाख, विज्ञापन एवं होर्डिगं चार्जिज से 70.00 लाख, डम्पिंग साईट चार्जिज से 25.00 लाख, रोड डैमेज चार्जिज से 50.00 लाख व अन्य फीस एवं यूजर चार्जिज से 310.94 लाख रूपय अर्थात इस मद में कुल राशि रूपये 3725.94 लाख की आय प्राप्ति का अनुमान है।					
150- Sale & Hire Charges	**16.55**	**14.00**	**14.47**	**15.14**	**14.75**
इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष में स्टोर में पडे स्क्रैप, कण्डम टिप्पर, डम्पर कन्टेनर की नीलामी व फार्म आदि की बिक्री स 14.75 लाख रूपये की आय प्राप्ति का अनुमान है।					
160- Revenue Grant, Contributions & Subsidies	**55.39**	**67.00**	**5.63**	**72.03**	**75.00**
इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत मुख्यतः केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग से निगम द्वारा केन्द्र सरकार की कालोनियों में नियुक्त सफाई स्टाफ के वेतन की प्रतिपूर्ति आदि के रूप में आगामी वित्त वर्ष में 75.00					

लाख रूपये की प्राप्ति का अनुमान है।

1	2	3	4	5	6
170- Income from Investments	**96.49**	**50.01**	**51.32**	**60.03**	**60.00**
इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत निगम निधि से समय-समय पर बैंकों में निवेशित राशि पर ब्याज से आगामी वित्त वर्ष में 60.00 लाख रूपये की आय प्राप्ति का अनुमान है।					
171- Interest Earned	**46.53**	**24.48**	**19.47**	**28.13**	**23.99**
इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत बकाया करों व किराए की राशि पर और बैंक बचत खातों में जमा राशि आदि पर ब्याज से आगामी वित्त वर्ष 23.99 लाख रूपये की आय प्राप्ति का अनुमान है।					
180- Other Income	**28.04**	**13.25**	**31.16**	**36.31**	**27.00**
इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत रिज, माल रोड़, निगम पार्को व अन्य स्थानों पर फिल्म शूटिंग आदि की अनुमति प्रदान करने से आगामी वित्त वर्ष में 27.00 लाख रूपये की आय प्राप्ति का अनुमान है।					
योग राजस्व आय (1)	**5514.85**	**6852.19**	**4556.54**	**5733.01**	**8425.06**
उपरोक्त विवर्णानुसार आगामी वित्त वर्ष में राजस्व आय के अन्तर्गत निगम की कुल आय 8425.06 लाख रूपये अनुमानित है।					
2. पूँजीगत आय					
320- Grants, Contributions for Specific purposes	**3559.70**	**4999.44**	**1437.74**	**1667.72**	**3547.24**
इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष में केन्द्र सरकार, प्रदेश सरकार तथा अन्य संस्थाओं से मुख्यतः राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तगत 100.00 लाख, 13वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अन्तर्गत 360.00 लाख, Maintenance of ULB roads के अन्तर्गत 121.68 लाख, MPLAD/MLALAD/ 5% DCP व अन्य संस्थाओं से 60.00 लाख, सीवरेज स्कीम के अन्तर्गत 200.00 लाख, आपदा राहत के अन्तर्गत 100.00 लाख, अन्य स्कीमों के अन्तर्गत 229.00 लाख, राजीव आवास योजना के अन्तर्गत 1800.00 लाख, चैलैंज फण्ड के अन्तर्गत 206.34 लाख और सैनिटेशन सर्विसिज के लिए यूरोपियन यूनियन से 370.22 लाख रूपये की अनुदान सहायता की प्राप्ति का अनुमान है।					
330- Secured Loans	**0.00**	**801.12**	**0.00**	**0.00**	**200.00**
इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष में निगम कर्मचारियों के लिए आवासों के निर्माण हेतू राशि 200.00 लाख रूपये वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने की प्रस्तावना है।					
योग पूँजीगत आय (2)	**3559.70**	**5800.56**	**1437.74**	**1667.72**	**3747.24**
उपरोक्त विवर्णानुसार आगामी वित्त वर्ष में पूँजीगत आय के अन्तर्गत निगम की अनुदान आदि से आय/प्राप्ति 3747.24 लाख रूपये अनुमानित है।					
कुल आय (1+2)	**9074.55**	**12652.75**	**5994.28**	**7400.73**	**12172.30**

1	2	3	4	5	6
3. राजस्व व्यय					
210- Establishment Expenses	**3849.16**	**4546.83**	**3213.30**	**4459.46**	**5149.09**
इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत निगम के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों/ कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों, पैन्शन अंशदान, सी.पी.एस. अंशदान, ई.पी.एफ. अंशदान, सेवानिवृति से सम्बन्धित अन्य लाभ की अदायगी हेतू आगामी वित्त वर्ष के लिए राशि 5149.09 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत सेवानिवृत कर्मचारियों की पैन्शन के भुगतान हेतू राशि रूपये 715.00 लाख रूपये का अतरिक्त प्रावधान Pension Deficit Contribution के रूप में रखा गया है।					
220- Administrative Expenses	**230.65**	**527.83**	**115.23**	**191.42**	**519.07**
इस मख्य शीर्ष के अन्तर्गत आगामी वित्त वर्ष के लिए कार्यालय रख-रखाव, बिजली, टैलीफोन, लेखन-सामग्री, फर्नीचर, कम्पयूटर, निगम वाहनों का बीमा, हल्के वाहनों के लिए इन्धन, विज्ञापन, कन्सल्टैन्सी चार्जिज आदि के प्रशासनिक व्यय हेतू आगामी वित्त वर्ष के लिए राशि 519.07 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। इस शीर्ष के अन्तर्गत यूरोपियन यूनियन से स्वीकृत प्रोजैक्ट की गतिविधियों से सम्बन्धित व्यय भी सम्मिलित है।					
230- Operations and Maintenance	**1375.91**	**4198.05**	**1018.54**	**1400.19**	**4731.43**
इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग से पानी की खरीद के बिलों के भुगतान हेतू राशि रूपये 3000.00 लाख के प्रावधान सहित निगम की ढाँचागत परिसम्पत्तियों के रख-रखाव, आवश्यक नागरिक सुविधाओं व अन्य रख-रखाव के कार्यों हेतू आगामी वित्त वर्ष के लिए 4731.43 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।					
240-Interest and Finance Charges	**0.05**	**0.50**	**0.02**	**0.50**	**0.50**
इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत Interest & Finance Charges हेतू आगामी वित्त वर्ष के लिए राशि 0.50 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।					
250- Program Expenses	**3.92**	**9.00**	**2.36**	**6.00**	**7.00**
इस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत Program Expenses हेतू आगामी वित्त वर्ष के लिए राशि 7.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।					
260- Revenue Grants, Contributions and Subsidies	**48.94**	**50.00**	**128.47**	**128.47**	**303.20**
